Regarding railway related issues of Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्री लुम्बा राम **(जालौर) :** मेरे संसदीय क्षेत्र जालौर (राजस्थान) के रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण मांगे इस प्रकार हैं ? (1) सिरोही जिला केन्द्र को पिण्डवाडा या स्वरूपगंज से बागरा तक नई रेलवे लाइन से जोडा जाए । (2) नवजीवन एक्सप्रेस 12655/12656 का विस्तार जोधपरु तक, चेन्नई अहमदाबाद 22919/22920 का विस्तार हिसार ,सालासर ऐक्सप्रेस 22421/22422 तथा भगत की कोठी कामाख्या एक्सप्रेस 15623/15624 को गॉधीधाम (क्रमशः वाया जालोर) तक किया जाए । (3) गॉधीधाम से अमृतसर नई ट्रेन (वाया जालौर) चलाने की आवश्यकता है । (4) जयपुर-जोधपुर एक्सप्रेस (JU JP EXP 22977-78) को जालौर तक विस्तार किया जाए । (5) कोयम्बतूर-भगत की कोठी स्पेशल 06181/82 रेल गाडी को पुनः शुरूकर इसे नियमित किया जाए । (6) पिंडवाडा स्टेशन पर आश्रम एक्सप्रेस (12915/12916), गरीबरथ एक्सप्रेस (12215/12216), वन्देभारत एक्सप्रेस 12461/12462 , अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस 19409/10 तथा भगत की कोठी बंगलौर एक्सप्रेस 16507/16508 तथा स्वरूपगंज रेलवे स्टेशन पर हरिद्वार मेल, आश्रम एक्सप्रेस, गरीबरथ एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाए । (7) ट्रेन संख्या 19735/36 को जयपुर से अहमदाबाद तक पुनः संचालित किया जाए । (8) डी0 एम 0 यू0 (79437/79438,79431/79432) को आबूरोड से फालना तक विस्तारित किया जाए । (9) स्वरूपगंज रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन के दोनो तरफ आने जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का निमार्ण किया जाए । (10) अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस 19409/10 को दैनिक चलाया जाए ।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जालौर की उपरोक्त रेल संबंधी मुद्दों पर शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जायें ।